STATE SECTOR

Project	Location	Capacity (MW)
1. Nuranang	Arunachal Pradesh	6.0
2. Dhansiri HEP	Assam	20.0
3. Lower Borpani	Assam	100.0
4. Lakwa	Assam	48.0
5. Namrup	Assam	120.0*
6. Umiam-Umtru IV	Meghalaya	18.0
7. Serlui-B	Mizoram	9.0
8. Likim-Ro	Nagaland	24.0
9. Rokhia PH-Il	Tripura	8.0
10. Leimakhong	Manipur	36.0
	SUB TOTAL	399.0
	GRAND TOTAL	1078.0

*Subject to availability of gas.

विद्युत के पारेषण तथा वितरण में होने वाली हानि

3933. **श्री नागमणि** :

चौधरी हरमोहन सिंह यादव:

क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान विद्युत के पारेषण तथा वितरण में होने वाली हानि को कम करने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया था;

(ख) यदि हां, तो आठवीं पंचवर्षीय योजना के आरंभ तथा अंत में कुल विद्युत उत्पादन के प्रतिशत के संदर्भ में कितनी विद्युत पारेषण तथा वितरण हानि होने का अनुमान है;

(ग) क्या यह सच है कि सरकार ने इस प्रकार की हानी को कम करने के लिए कोई वार्षिक लक्ष्य निर्धारित किया था:

(घ) यदि हां, तो क्या इस प्रकार की हानि में और कमी लाई गई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

विद्युत मंत्री (श्री आर. कुमारमंगलम): (क) से (ग) जनवरी, 1993 में विद्युत मंत्रियों के सम्मेलन के दौरान यह निर्णय लिया गया था कि परिषण एवं वितरण हानियां प्रतिवर्ष 1% कम की जाएगी ताकि 8वीं योजना के दौरान 5% हानियों को कम किया जा सके। वर्ष 1991-92 और 1995-96 के दौरान हानियां क्रमशः 22.83% थी।

(ङ) और (ङ) देश में पारेषण एवं वितरम हानियां आठवीं पंचवर्षीय योजना के प्रथम 3 वर्षों के दौरान कुल मिलाकर 1.70% कम हुई है और उसके बाद चौथे वर्ष अर्थात् 1995-96 में 1.14% बढ़ी है। 8वीं योजना के दौरान पारेषण एवं वितरम हानियों और इनमें कमी का प्रतिशत नीचे दिया गया है:—

वर्ष	% पारेषण एवं वितरण हानियां	% पारेषण एवं वितरण हानियों में कमी
1991-92	22.83	—
1992-93	21.80	1.03(+)
1993-94	21.41	0.39(+)
1994-95	21.13	0.28(+)
1995-96	22.27	1.14(-)

निजी क्षेत्र के विद्युत एककों को हुई हानि

3934. **श्री चीमनभाई हरीभाई शुक्ला**: क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) निजी क्षेत्र के विद्युत एककों को मार्च, 1997 के अंत तक कुल कितनी हानि हुई;